हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 07  अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==============================================

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी नागरिकों से उत्साह और प्रसन्नता के साथ आज राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाने का आग्रह किया है। एक वीडियो संदेश साझा करते हुए श्री मोदी ने लोगों को बुनकर परिवारों को समर्थन देने के लिए प्रेरित किया। श्री मोदी ने देशवासियों से कम से कम एक हथकरघा उत्पाद खरीदने और इससे संबंधित एक वीडियो बनाकर साझा करने का आग्रह किया।

*मैं आज आग्रह करता हूं, 7 अगस्त हैंडलूम डे होता है। हमने उत्साह और उमंग के साथ हैंडलूम डे मानना है हमारा काम है आत्म निर्भर भारत बनाने के लिए हमारे छोटे-छोटे गरीब परिवारों को भी आर्थिक रूप से समृद्ध करना। आइए हम स्वयं हैंडलूम से कुछ न कुछ खरीदे उसका एक वीडियो बनाए और देश-दुनिया में उस वीडियों को प्रचारित करें ताकि, हमारे बुनकर भाई बहनों के सामर्थ्य का परिचय दुनिया को भी हो।*

-----------------------------------------------

देश ने ओडिसा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस परीक्षण से मिसाइल के सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों की पुष्टि हुई है। ये परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वाधान में किया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सामरिक बल कमान और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन को इस सफल मिशन पर बधाई दी है।

-----------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चावल मिल मालिकों को 30 जून 2025 तक का बोनस देने की घोषणा करते हुए उनकी अन्य सभी समस्याओं का भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का भरोसा दिलाया है। इस पर चावल मिल मालिक संघ ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने चावल मिल मालिक संघ के साथ कल चंडीगढ़ में हुई बैठक में कस्टम मिल्ड राइस डिलीवरी व भंडारण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

भारत सरकार द्वारा अब और अधिक चावल की डिलीवरी लेने से मना करने की समस्या पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष केंद्र सरकार ने हरियाणा के लिए 55 लाख मीट्रिक टन चावल खरीद का लक्ष्य रखा था लेकिन उत्पादन बढ़ने से ऐसा हुआ है। उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिख दिया है।

------------------------------------------------------------

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों की सूची घोषित कर दी गई है।हालांकि बायोमेट्रिक मिलान होना अभी बाकी है।

परीक्षार्थी ऑनलाइन माध्यम से बोर्ड वेबसाइट पर इस सूची को देख सकते हैं। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि अभी अगले तीन दिन बायोमेट्रिक मिलान का काम होगा, उसके बाद अन्तिम परिणाम घोषित किए जाएंगे।

---------------------------------------------------------------------------

लोकसभा ने भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 में संशोधन करने वाला विधेयक पारित कर दिया है। इसके अंतर्गत सरकार को बैंकों और अन्य सेवा प्रदाताओं को एकीकृत भुगतान इंटरफेस - यूपीआई और अन्य अधिसूचित इलेक्ट्रॉनिक भुगतान साधनों के माध्यम से किए गए भुगतानों पर शुल्क लगाने की अनुमति दी गई है। आरटीजीएस और  एनईएफटी के माध्यम से किए गए रियल टाइम भुगतानों पर पहले से ही सेवा शुल्क लगता है। यूपीआई लेनदेन अब तक ऐसे शुल्कों से मुक्त रहे हैं।

-----------------------------------------------------

हरियाणा के ज्यादातर हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. मदन लाल खिचड़ ने बताया कि  11 जून  से मानसून की सक्रियता फिर बढ़ेगी।

--------------------------------------------------

अम्बाला में 'मेरा युवा भारत' अभियान के तहत  नगराधीश अभिषेक गर्ग  की अध्यक्षता में जिला सलाहकार और समन्वय समिति की बैठक हुई जिसमें सभी विभागों और शैक्षणिक संस्थानों को 15 से 29 वर्ष के युवाओं को 'माय भारत पोर्टल' पर तेजी से पंजीकृत करने के निर्देश दिए।

अभिषेक गर्ग ने मीडिया को बताया कि इस पोर्टल के जरिए युवाओं को राष्ट्र निर्माण, जन-जागरूकता कार्यक्रमों और 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान से जोड़कर उनकी प्रतिभा का सकारात्मक उपयोग किया जाएगा। उप-निदेशक ओंकार स्वामी ने कहा कि युवा केवल दो मिनट की आसान प्रक्रिया से इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इस पोर्टल से जुडऩे वाले युवाओं को सामाजिक, शैक्षणिक, खेल एवं राष्ट्र निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों, अभियानों और स्वयंसेवी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

=====================================